# मैहर में झूमकर बरसे बादल ओले भी गिरे, तापमान में लुढ़का



पिछले कई दिनों से मौसम नरम गरम बना हुआ है। गुरुवार को तेज धूप के बीच दोपहर 2.45 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। करीब 10 मिनट तक चना बराबर ओले गिरने के बाद आधे घंटे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही।



मैहर।

बारिश और ओलों की इस बौछार से मैहर और आसपास के इलाकों का तापमान कुछ हद तक गिर गया,जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने चेताया है कि बारिश के बाद वातावरण में उमस बढ़ सकती है।

### 5 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार,राजस्थान और उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश में हवा के ऊपरी स्तर पर चक्रवात बनने के कारण यह मौसम परिवर्तन देखने को मिला। आने वाले दिनों में भी 5 मई तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई गई है, जिसमें गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। ग्रामीण इलाकों में किसानों के लिए यह ओलावृष्टि चिंता का विषय बन सकती है।

### बिन मौसम बरसात में मण्डी में रखा गेहूं भींग गया

बिन मौसम की बरसात एवं ओले गिरने से किसान तो परेशान ही रहा है लेकिन मण्डी में जिन किसानों का गेहूं तौल गया वह खुले में रखा रहा और पानी गिरने खराब हो जाएगा।आज सवा चार बजे के लगभग छुटपुट बरसात के साथ बेर साइज के ओले भी गिरे जिससे मण्डी हरनामपुर मैहर में किसानों का खुले में रखा गेहूं पानी से भींग जाने से खराब हो गया। बताया जा रहा है खरीदी केन्द्रों में खुले में रखे गेहूं की सुरक्षा हेतु मण्डी प्रबंधक के द्वारा किसी प्रकार नहीं की गई जिससे पूरा गेहूं पानी पड़ने से अपनी गुणवत्ता खो देगा। खरीदी केंद्रों खुले में पड़ा है कई किसानों का



गेहूं भींग गया जिससे किसानों में काफी आक्रोश देखा गया। किसानों ने परेशान होकर प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर उचित व्यवस्था कराऐ जिससे कड़ी मेहनत कर किसानों की फसल खराब ना हो। इसी प्रकार खरीदी केंद्र पहुंचने के बाद भी तौलने के लिए काफी समय बाद किसानों का नंबर आता है जिनका सेटिंग होता है उन किसानों को पहले तौल हो जाती है। इसी तरह मण्डी में आने वाले किसानों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके चलते किसान भूखों प्यासे रह कर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### आप ने मजदूरों का सम्मान कर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**सतना।** मजदूर दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी सतना द्वारा सेमरिया चौक में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देना था,बल्कि उसी के साथ-साथ प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल के निर्देशानुसार प्रदेश भर में शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को गति देना भी था। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय मजदूर भाईयों को पुष्प माला पहनाकर की गई। तत्पश्चात सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ.अमित सिंह,आर.टी.आई.विंग के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत पांडेय,सतना विधानसभा के सदस्यता अभियान के प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष इंजी.बसंत विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुखेन्द्र सिंह एवं अनुराग सिंह,जिला सचिव अनिल गर्ग,ओ.बी.सी.विंग के जिलाध्यक्ष इंजी.नरेंद्र कनौजिया,जिला संयुक्त सचिव सत्यभामा सोनी,इंटलेक्चुअल विंग के जिला उपाध्यक्ष डॉ मदन कुशवाहा,सत्यभामा गुप्ता,संतोष भरद्वाज चित्रकूट प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का विजन समाज का विभाजनः भगवती

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का विजन समाज का विभाजन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए देश को एकजुट रखने का कार्य कर रही है,जबकि कांग्रेस ने हमेशा समाज को तोड़ने वाली राजनीति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि मोदी की सोच है कि आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल कर समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर मिले। श्री पांडेय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर जनता को कांग्रेस की असली नीयत से अवगत कराएं।

### जातिगत जनगणना पर कांग्रेस ने की केवल राजनीति : श्यामू

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता श्यामू ने कांग्रेस पार्टी पर जातिगत जनगणना को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक इस मुद्दे पर केवल बयानबाजी की,लेकिन कभी भी इसे गंभीरता से लागू करने का प्रयास नहीं किया। श्री गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित में एक दूरगामी निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह निर्णय भारत के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय, समावेश और सही आंकड़ों के आधार पर नीतियों के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं,बल्कि वास्तविक विकास है और यह निर्णय उसी दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### पुलिस ने छापा मार कर पकड़े एक दर्जन से ज्यादा जुआड़ी

**सतना।** कोलगवां कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड के पास स्थित होटल इवनिंग स्टार में छापा मार कर एक जुआ के फड को पकड़ा है। यहां पर एक दर्जन से ज्यादा लोग जुआ खेल रहे थे। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते भारी रकम व अन्य सामग्रियों के मिलने की खबर है। बताया जाता है कि जुआ खेलने वाले लोगों ने यहां पर रूम बुक कर रखा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक जुआरी पुलिस के हत्थे चले गए। सभी आरोपियों को पुलिस के वाहन से थाने ले जाया गया।

### 412 नरवाई जलाने की घटनायें आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में मिला कानपुर के युवक का शव



### नहाते समय हुआ हादसा कपड़े और आधार कार्ड से हुई पहचान

**सतना।** चित्रकूट में गुरुवार सुबह मंदाकिनी नदी से एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान कानपुर देहात के कटका निवासी रमाशंकर अवस्थी 40 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर परिषद की स्वच्छता टीम को सुबह 8 बजे भरत घाट आरती स्थल के सामने शव तैरता मिला। घाट पर मृतक के कपड़े रखे थे। पुलिस ने कपड़ों में मिले आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से मृतक की शिनाख्त की।

### नहाते समय डूबा युवक

चित्रकूट टीआई डी आर शर्मा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ये अनुमान लगाया गया है कि रमाशंकर रात करीब 12 बजे नहाते समय डूब गए होंगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना जारी है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। देर शाम तक मृतक के परिजनों के चित्रकूट पहुंचने की खबर मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है और घटना की जांच की जा रही है।

## झोला छाप डॉक्टरों पर कार्यवाही, दो क्लीनिक सील

# पैथालॉजी सहित तीन संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज, सतना।

प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ जिले के नागौद कस्बे में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं पैथालॉजी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये सभी को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है। एसडीएम जितेन्द्र वर्मा एवं बीएमओ नागौद डॉ.प्रमोद प्रजापति द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये जसो कस्बे के पीपल चौराहा में संचालित बंगाली दवाखाना व बस स्टैण्ड आदर्श क्लीनिक में बुधवार को छापामारी की। एसडीएम द्वारा क्लीनिक संचालक डॉ.श्यामल विश्वास से दवाखाने का रजिस्ट्रेशन,मेडिकल संबंधी डिग्री,डिप्लोमा प्रस्तुत करने के लिये कहा गया। किन्तु डॉ. श्यामल किसी भी तरह का कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर एसडीएम एवं बीएमओ ने क्लीनिक को सील कर दिया और संचालक को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। संयुक्त टीम द्वारा जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आयी कि बंगाली दवाखाना के नाम से संचालित क्लीनिक के संचालक के पास चिकित्सा संबंधी कोई डिग्री नहीं है तथा स्वास्थ्य विभाग



में भी इसका पंजीयन नहीं है। जांच टीम ने दो अवैध क्लीनिकों को सील कर दिया है। जबकि अवैध रूप से संचालित पैथालॉजी को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की कार्यवाही की भनक लगते ही नीम-हकीम डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। हासिल जानकारी के मुताबिक जांच टीम जब गुलाब पैथालॉजी पहुंची,तो पैथालॉजी का संचालक पहले ही ताला लगाकर भाग खड़ा हुआ। एसडीएम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ रिपोर्ट तैयार करके वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गयी है। पूछताछ के दौरान पता चला कि तथाकथित डॉक्टर के पास न तो कोई डिग्री है,न तो डिप्लोमा और न ही पैथालॉजी का कोई अनुभव। इसके बावजूद वह विभिन्न तरह की जांच करता चला आ रहा है। इसके अलावा झोलाछाप डॉक्टर पैथालॉजी में ही एलोपैथी दवाईयों से मरीजों का उपचार भी कर रहा था। एसडीएम ने पैथालॉजी संचालक को नोटिस जारी करते हुये जवाब मांगा है।संचालक के न मिलने पर नोटिस को पैथालॉजी की दीवार पर चस्पा कर दिया गया है। साथ ही आसपास के लोगों से पंचनामा बनवा कर संचालक के आनन-फानन में भागने का सबूत एकत्रित कर लिया गया।

### ताला लगाकर भाग खड़ा हुआ पैथालॉजी संचालक

बस स्टैण्ड क्षेत्र में संचालित आदर्श क्लीनिक पर भी एसडीएम द्वारा छापामारी की गयी। जांच के दौरान क्लीनिक का पंजीयन नहीं पाया गया। क्लीनिक संचालक डॉ. हृदय विश्वास से एसडीएम द्वारा जब चिकित्सा करने संबंधी लाइसेन्स,डिग्री,डिप्लोमा दिखाने को कहा गया तो उनके द्वारा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके चलते एसडीएम और बीएमओ ने क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही नोटिस जारी करते हुये क्लीनिक संचालक से अवैध तौर पर एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज किये जाने पर जवाब मांगा है। साथ ही जांच का प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया है। जांच टीम द्वारा इस क्लीनिक को भी सील कर दिया गया।

## 5 मई तक खरीदी की तारीख, वारदानों की कमी से गेहूं खरीदी रुकी

# सतना-मैहर में 40 हजार किसान परेशान





हरिभूमि न्यूज, सतना।

सतना और मैहर जिले में एमएसपी पर गेहूं खरीदी का कार्य बारदानों की कमी से प्रभावित हो रहा है। किसान पिछले 4-5 दिनों से ट्रॉली में गेहूं लेकर खरीदी केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। खरीदी केंद्रों में दो प्रमुख समस्याएं सामने आई हैं। पहली,बारदानों की अनुपलब्धता और दूसरी,अब तक खरीदे गए लगभग 8 लाख क्विंटल गेहूं का परिवहन न होने से केंद्रों में जगह की कमी। जानकारी के अनुसार, सतना और मैहर जिले में इस बार करीब 69 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 40 हजार से अधिक किसान स्लॉट बुकिंग के बावजूद अपना गेहूं नहीं बेच पा रहे हैं। सरकार ने 5 मई तक गेहूं खरीदी की समय सीमा तय की है। नान सतना ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए करीब 50 लाख बारदानों की मांग 15 मार्च से पहले ही अपने राज्य मुख्यालय को भेज दी थी। प्रत्येक बुधवार होने वाली वर्चुअल समीक्षा बैठक में पीएस फूड को बारदानों की कमी से प्रभावित खरीदी कार्य की जानकारी दी जाती रही है। मगर बावजूद इसके एक माह बाद भी जिले को कुल जरूरत के विरुद्ध नान के स्टेट हेड द्वारा अब तक करीब 25 लाख बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं किए जाने के कारण कई केन्द्रों में बारदानों के अभाव में उपार्जन कार्य बंद हो गया है। डीएसओ सम्यक जैन ने बताया समाधान के निरंतर प्रयास चल रहे हैं। डीएम नान को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। साथ ही परिवहन कार्य में तेजी नहीं आने पर नान के जिला प्रबंधक को शोकाज नोटिस भी दिया गया है।

## केजेएस सीमेंट प्लांट में मनाया गया श्रमिक दिवस

# अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मैहर।

श्रमिक दिवस के अवसर पर मैहर के केजेएस सीमेंट प्लांट में सीमेंट मजदूर एकता सीटू यूनियन की मैहर इकाई के द्वारा श्रमिक दिवस मनाया गया जिसमें समस्त श्रमिक मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर आगामी 20 मई को होने वाले राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की जानकारी भी दी गई है साथ ही18 सूत्रीय मांगों के विषय पर जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में केजेएस प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। सीटू इकाई के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह,कार्यवाहक अध्यक्ष नीलेश्वर गुप्ता, सचिव सुनील कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, अमित द्विवेदी, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव,भारत द्विवेदी, मोहम्मद खलील,पुष्पराज सिंह,मनोज सिंह, जगदीश साहू, सुखमणि



कुशवाहा, काशीनाथ, लियाकत अली,विजय सिंह, राम प्रकाश एवं समस्त कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, महिला की मौत, 8 घायल, 3 की हालत गंभीर

### शादी समारोह से माधवगढ़ लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज, सतना।

रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में बुधवार रात बेला के पास एक ऑटो पलटने से एक महिला की मौत हो गई। इस हादसे में 8 अन्य लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान खुशबू चिकवा के रूप में हुई है। घायलों में दो महिलाएं,पांच बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। सभी लोग माधवगढ़ के चिकवा परिवार से हैं। राहगीरों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में से तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार,सभी लोग रीवा जिले के गोविंदगढ़ में एक पारिवारिक शादी



समारोह में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान बेला के पास ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# सोहावल सीईओ नहीं मान रहे उच्चाधिकारियों के आदेश

### मनमानी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सोहावल जनपद की अहिरगांव पंचायत में संचालित गायत्री स्व सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमती चंद्रावती चौधरी का 19 जनवरी 2025 को निधन हो जाने के बाद भी सीईओ बागरी द्वारा समूह के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं कराया जा रहा है। इस संबंध में समूह की कोषाध्यक्ष राजकुमारी चौधरी समूह की 5 अन्य सदस्यों को लेकर सीईओ बागरी को कई बार आवेदन देकर चुनाव कराने की मांग कर चुकं थीं समूह अध्यक्ष के पुत्र कौशल चौधरी को समूह के अवैधानिक संचालन का अधिकार देते हुए उसे बिना चुनाव कराए अपनी छोटे भाई की पत्नी को अध्यक्ष और अपनी पत्नी गुड़िया चौधरी को कोषाध्यक्ष बना कर समूह का पैसा और मध्याह्न भोजन का राशन निकलने की अनुमति दिए



हुए हैं। उनके इस अवैध संरक्षण के बल पर उसने बैंक खाते बदलवाकर इलाहाबाद बैंक से 15000रुपए की राशि निकालने का अवसर दे चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि उक्त रकम कौशल चौधरी ने सीईओ बागरी को घूस बतौर दी है। यही वजह है कौशल चौधरी समूह के अन्य सदस्यों को घर घर जाकर धमका रहे हैं। सीईओ बागरी के इस रवैए के चलते समूह का निष्पक्ष चुनाव कराने की मंशा रखने वाली राजकुमारी चौधरी बेबी चौधरी सुधा चौधरी ने किसान नेता ईश्वर चंद्र त्रिपाठी को साथ लेकर रघुराज नगर के एसडीएम सिलाडिया जिला पंचायत की सीईओ जैन मैडम एवं जिला अध्यक्ष सतना को 9,10 अप्रैल को लिखित आवेदन देकर चुनाव कराने का निवेदन कर चुकी हैं। सीईओ जिला पंचायत से उक्त समूह का चुनाव कराने संबंधी आदेश पहुंचने पर 28अप्रैल को समूह के सदस्यों को चुनाव कराने की बात कह कर सोहावल जनपद बुलाया जरूर लेकिन अपने चैंबर में सभी सदस्यों को बुलाकर एक तरफा कार्यवाही करने के साथ कौशल चौधरी की कार्यवाही पर अपनी अंतिम मोहर लगा दी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई शासकीय कार्य की शुरूआत



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुरेश कुमार की उपस्थिति में मई माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के संगीतमय सामूहिक गान के साथ शासकीय कामकाज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम संपन्न

दमोह। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम आज 30 अप्रैल 2025 को उमरबन जिला धार (म.प्र.) में सिंगल क्लिक किया गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के 27523 हितग्राहियों को 600 करोड़ की राशि डी.बी.टी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरण किया गया। दमोह जिले के 538 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख की राशि का भुगतान किया गया है, तथा जिले की समस्त निकायों में उक्त कार्यक्रम लाईव प्रसारण किया गया।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 तक

**दमोह।** राज्य शासन ने खरीफ वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 से बढ़ाकर 15 मई 2025 तक निर्धारित की है। इस सबंध में उप संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने कहा कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए सभी किसान बंधु निर्धारित केंद्रों पर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर पंजीयन करा सकते हैं।

### 1 से 31 मई तक अभियान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार ने बताया जिले में सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा इन प्रकरणों का निराकरण जो अविवादित है निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा 1 से 31 मई तक राजस्व रिकॉर्ड के कॉलम नंबर 12 में इसको अपडेट कराने की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने सात सटोरियों को पकड़ा

**दमोह।** पुलिस ने क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सात लोगों पर कार्यवाही की है। यह कार्रवाई तब की गई है जबआईपीएल को शुरू हुए एक माह हो चुका है अभी तक 49 मैच खेले जा चुके है। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टे बाजो का पता लगाकर कार्यवाही की है। पकड़े गए 7 आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल कीमत 81 हजार 500 एवं नगद 5450 रुपए जप्त किये गए है। जप्त मोबाइलों में लाखों रुपए का हिसाब होने की बात भी कहीं जा रही है। इस अभियान के दौरान कुल 7 आरोपियों के विरुद्ध 4 अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु अनुमापन के लिए 3 से 9 मई तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज:पन्ना

भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा। इस क्रम में अनुमापन के लिए शिविर लगाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शिविरों में सहायक उत्पादन केन्द्र, एलिम्को जबलपुर के तकनीकी दल द्वारा दिव्यांग और वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरणों के निःशुल्क प्रदाय के लिए संयुक्त रूप से अनुमापन किया जाएगा।

शिविर में कृत्रिम अंग जैसे कैलिपर और कृत्रिम हाथ पैर इत्यादि लगाने के लिए अनुमापन नहीं होगा। इस संबंध में केवल सहायक उपकरणों की आवश्यकता वाले हितग्राहियों को शिविरों में पहुंचने के लिए सूचित किया गया है। 3 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण अजयगढ़, 4 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण पन्ना, 5 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण गुनौर और ग्राम पंचायत भटनवारा, 6 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण पवई, 7 मई को तहसील कार्यालय प्रांगण सिमरिया, 8 मई को जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण शाहनगर तथा 9 मई को तहसील कार्यालय प्रांगण रैपुरा में शिविर लगाया जाएगा।

**ये दस्तावेज आवश्यक-**

एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों हेतु 40 प्रतिशत अथवा अधिक का दिव्यांगता यूडीआईडी कार्ड और ई-ट्राईसिकिल के लिए 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र यूडीआईडी आवश्यक है। इसके अलावा 22 हजार 500 रूपए या उससे कम की मासिक आय संबंधी प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड तथा आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज 2 फोटो और सक्रिय मोबाइल नंबर भी जरूरी है। इसी तरह राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों के पास बीपीएल राशन कार्ड अथवा मनरेगा कार्ड, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन अथवा केन्द्र-राज्य सरकार की किसी अन्य पेंशन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिक पेंशनधारक होना जरूरी है। बीपीएल श्रेणी के अलावा अन्य वरिष्ठ नागरिक, जिनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय रूपए 15 हजार प्रतिमाह से कम हो या आय प्रमाण पत्र हो, वे पात्र हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने गत 3 वर्ष में किसी भी अन्य स्त्रोतों से निःशुल्क उपकरण प्राप्त न किए हों। वे दिव्यांगजन ही सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। ई-ट्राईसिकिल एवं स्मार्टफोन के लिए यह अवधि 5 वर्ष निर्धारित है। शिविर में एलिम्को की टीम द्वारा परीक्षण कर पात्रता पर्ची प्रदान की जाएगी तथा आगामी दिवसों में सहायक उपरकणों का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में समस्त जनपद पंचायत सीईओ एवं सिमरिया व रैपुरा तहसीलदार को शिविर के प्रचार-प्रसार सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

# देवी प्रसाद ने गन्ना जूस मशीन स्थापित कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज:पन्ना



पन्ना जिले के जनकपुर निवासी मूलतः सब्जियों का उत्पादन और विक्रय करने वाले देवी प्रसाद कुशवाहा ने अब गन्ना जूस मशीन लगाकर आत्मनिर्भरता की ओर अपना कदम बढ़ाया है। पहाड़ीखेरा रोड पर जनकपुर में मुख्यमार्ग के किनारे सब्जी एवं किराना दुकान के माध्यम से कई वर्ष से परिवार का भरण पोषण करने वाले देवी प्रसाद ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त कर हैदराबाद से गन्ना जूस की मशीन क्रय की और कुशवाहा जूस प्वाइंट के नाम से गन्ना जूस की दुकान खोली। देवी प्रसाद ने बताया कि विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी मिला। देवी प्रसाद की गन्ना जूस दुकान से दैनिक रूप से बढ़िया आमदनी की शुरूआत होने से वे खुश हैं और कहते हैं कि दुकान में बेहतर स्वच्छता और साफ-सफाई से ग्राहकों का रूझान भी बढ़ा है। बिजली से संचालित इस मशीन में आसानी से गन्ना जूस प्राप्त हो जाता है और हाथ मशीन की अपेक्षा इस मशीन के उपयोग से काफी सहूलियत है। देवी प्रसाद कुशवाहा अपने खेत में सब्जी एवं अन्य फसलों के उत्पादन के साथ ही स्वयं आधा एकड़ जमीन पर गन्ने की पैदावार भी करते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना वरदान साबित हुई है। 32 वर्षीय देवी प्रसाद कक्षा 8वीं तक शिक्षित हैं। पहले परंपरागत रूप से मुख्यतः सब्जी उत्पदान पर ही निर्भर थे, लेकिन अब विभाग एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संजीत बागरी से समय-समय पर मिली महत्वपूर्ण जानकारी और सहयोग से पन्ना में संभवतः प्रथम गन्ना जूस मशीन स्थापित हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक लाख 95 हजार रूपए की लागत से गन्ना मशीन क्रय पर निर्धारित अनुदान राशि का फायदा भी मिला है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीपीएमयू की बैठक

हरिभूमि न्यूज:पन्ना



कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की डीपीएमयू की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता सहित डाइट की एकेडमिक फेकल्टी, जिला शिक्षा केंद्र से समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, सभी ब्लॉक के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और एफएलएन प्रभारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा शासन के मंशानुरूप विद्यालय स्तर तक पुस्तकों का समय सीमा में परिवहन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आगामी एफएलएन एंड लाइन सर्वे के संदर्भ में सभी चयनित 55 शालाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने, 16 जून से खुलने वाले विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रत्येक माह होने वाली विकासखंड स्तरीय बैठक में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सभी कर्मचारियों की एक साथ सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा अनेक स्तरों पर होने वाले निरीक्षणों को जिला स्तरीय कार्यालय से अनुमोदन करवाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जनकपुर में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज:पन्ना



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरूवार को गांधीग्राम, जनकपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर नालसा (असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत उपस्थित श्रमिकों एवं महिलाओं को विधिक योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि संविधान की नजर में समस्त व्यक्ति एक समान हैं एवं सभी को जीवन में आगे बढ़ने, विकास करने एवं एक गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। इस अधिकार का हनन कोई अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को भी अपने जीवन को बेहतर बनाने एवं अपने परिवार के कल्याण हेतु अन्य व्यक्तियों के समान ही अधिकार प्राप्त हैं एवं यदि कोई व्यक्ति उनके किसी भी अधिकार का हनन करता है, तो वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर न्याय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों को अपने अधिकारों को जानने एवं अधिकारों का हनन होने पर जिला श्रम कार्यालय एवं प्राधिकरण कार्यालय में शिकायत कर न्याय प्राप्त करने की अपील की। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित श्रमिक वर्ग को श्रमिकों के विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का यह अधिकार है कि जहां भी वह कार्य करे, वहां मूलभूत सुविधाओं जैसे महिला एवं पुरुष श्रमिक हेतु पृथक टॉयलेट व्यवस्था होना चाहिए। श्रमिकों के कार्यस्थल में इतनी साफ-सफाई भी हो कि उन्हें कोई शारीरिक बीमारी होने का खतरा न रहे एवं ऊंचाई में काम करने वाले स्थानों में सुरक्षा जाली या अन्य सुरक्षात्मक उपकरण का होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों से जबरन कार्य नहीं लिया जा सकता एवं निश्चित कार्य अवधि के बाद कार्य लिए जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य अवधि के लिए दोगुना पारिश्रमिक देने का प्रावधान है। इस दौरान बाल मजदूरी की रोकथाम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के सभी तरह के कार्यों में नियोजन निषेध होने और नियमों के उल्लंघन पर क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक अथवा श्रम पदाधिकारी को शिकायत करने के बारे में अवगत कराया गया। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विधिक सहायता योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदान की। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को कृषि, स्वास्थ्य, खान पान एवं पोषण की जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी पी.एन. त्रिपाठी ने दी। उन्होंने श्रमिकों को कम कीमत में अधिकतम पोषण एवं आय वाले उपयोगी पौधों, सब्जियों एवं फलों की जानकारी भी प्रदान की। उपस्थित श्रमिकों को कृषि संबंधित एवं जैविक खाद बनाने के लिए उपकरण व जरूरी सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया ने श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

# मजदूर दिवस पर पन्ना के श्रमजीवी पत्रकारों ने भरी हुंकार

**जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा गया**






हरिभूमि न्यूज:पन्ना

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस गुरुवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में प्रदेश व्यापी पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ की पन्ना जिला इकाई के अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक सैकड़ा से अधिक पत्रकारों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पन्ना कलेक्टर को रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा। एक मई को पन्ना नगर के सतना रोड स्थित सत्यम पैलेस के सामने सुबह 11 पन्ना जिले की विभिन्न तहसीलों से पहुंचे करीब एक सैकड़ा पत्रकार एकत्रित हुए तथा करीब दो दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा कलेक्ट्रेट से 200 मी की दूरी से पत्रकारों द्वारा सांकेतिक रूप से रैली निकाली गई रैली में ष्'एक ही जज्बा एक ही जुनून, हमें चाहिए पत्रकार सुरक्षा कानून', मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिंदाबाद, के नारे के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे यहां पर संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र पांडे सागर संभाग इकाई के सचिव आलोक मोदी, संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र सिंह, के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में पन्ना अजयगढ़ देवेंद्रनगर गुन्नौर पवई सिमरिया अमानगंज शाहनगर रेपुरा तहसीलों के अध्यक्ष सहित सैकड़ो पत्रकारों की मौजूदगी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया। सुरक्षा कानून के अलावा 20 सूत्रीय मांगों में भोपाल के मालवीय नगर स्थित हमारे पत्रकार भवन को कमलनाथ सरकार मैं बिना किसी सूचना के छीन लिया वह जमीन वापस की जाए, पत्रकारों की पेंशन में अधिमान्यता की शर्त अलग की जाए, मध्य प्रदेश के समस्त जिला स्तर पर पत्रकार भवन के लिए भूमि आवंटित की जाए , टोल टैक्स पर संगठन के कार्ड की मान्यता प्रदान की जाए, उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर पत्रकार बीमा की राशि फ्री की जाए, आधीमान्यता के लिए संस्थान के मालिकों की अनुशंसा से मुक्त किया जाए, श्रमजीवी पत्रकारो के बच्चों को शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 50ः तक छूट दी जाए, जिले में पत्रकारों को रियायती दर पर आवास हेतु भूमि आवंटित की जाए , आम लोगों द्वारा अपनी गाड़ी में प्रेस लिखकर पत्रकारिता का दुरुपयोग तथा बदनाम किया जाता है जिस पर कड़ाई से रोक लगाई जाए, इस तरह अन्य 21 सूत्रिय मांगे ज्ञापन के माध्यम से सोपी गई हैं ज्ञापन के बाद पन्ना जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव ने कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ निरंतर तथा सतत रूप से प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए प्रयास रत है तथा आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालय में एक साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए हैं उन्होंने कहा कि 26 मार्च को संगठन के मुरैना महाधिवेशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री बातौर मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुए थे यहां पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया जी द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की बात रखने के बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि जल्द ही मसौदा बनाकर इस विषय पर चर्चा होगी इस घोषणा का स्मरण आज प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रदेश के सभी जिलों मैं ज्ञापन देकर कराया गया है।

## वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के एलएलबी संकाय के छात्रों ने किया जिला न्यायालय का विजिट



हरिभूमि न्यूज:पन्ना

वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना के एलएलबी तृतीय वर्ष छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय जाकर विजिट करने का प्रावधान है जिसके तहत महाविद्यालय के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से अनुमति प्राप्त कर दिनांक 29 व 30 अप्रैल 2025 को छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी व एडवोकेट रामलखन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय पन्ना का विजिट किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सेन, सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी, श्रीमती रिचा तिवारी, अतुल पाण्डेय के साथ जिला न्यायालय पहुंचकर न्यायालयीन प्रक्रिया को जाना। कोर्ट विजिट के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायालय में विभिन्न प्रकरणों पर चल रही कार्यवाही को समझा व जाना। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के संबध में अपनी जिज्ञासाओं को लेकर विभिन्न प्रश्न भी किए जिस पर न्यायाधीश महोदयों ने उनके प्रश्नों का समाधान किया। महाविद्यालय वापिस आने पर छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायालय विजिट के दौरान एकत्रित की गई जानकारी सभी के साथ सांझा की। इस दौरान महाविद्यालय में अविनाश पाण्डेय, मनोज कुमार गौर, पंकज पाण्डेय, भारत सिंगरौल, नरेन्द्र, रानी यादव, अरविन्द शुक्ला, रानी यादव, श्रीमती नितिका डनायक, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, नेहा सेन, सविता उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस द्वारा 8 वर्ष से फरार 5 हजार रुपये के ईनामी स्थाई वारंटी को अहमदाबाद गुजरात से किया गया गिरफ्तार

**आरोपी अजयगढ़ थाना क्षेत्र मे मारपीट करने के मामले मे था फरार**

हरिभूमि न्यूज:पन्ना



पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारण्टियों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अजयगढ निरी बखत सिंह ठाकुर द्वारा स्थाई वारंटियो के संबंध मे मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है एंव सायबर सेल पन्ना से जानकारी प्राप्त की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 205/16 मे 08 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी बिन्दु उर्फ रतन सिंह के अहमदाबाद गुजरात मे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अहमदाबाद गुजरात रवाना हुई जो उपरोक्त स्थाई वारंटी बिन्दु उर्फ रतन सिंह पिता काला सिंह निवासी छटवामील थाना अजयगढ जिला पन्ना को दिनांक 30.04.25 को बस स्टैण्ड अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया जाकर स्थाई वारंटी को लेकर आज दिनांक 01.05.25 को माननीय जेएमएफसी न्यायालय अजयगढ के समक्ष पेश किया गया है। सराहनीय योगदान दू थाना प्रभारी अजयगढ़ निरी. बखत सिंह, प्र.आर खेमचन्द्र राय, आर. रामनरेश गुप्ता व सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है।

# बड़ी लाइन की चपेट में आने से नवयुवक की हुई मौत

**1 मई मजदूर दिवस पर हुई एक मजदूर की मौत**

**मृतक के 3 छोटी बच्चियां,बड़ी बच्ची 5 साल की**





**अजयगढ़।** अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहर सरबरिया में बड़ी लाइन की चपेट में आने एक व्यक्ति की दुखद मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीहर सरबरिया निवाशी जितेंद्र पटेल ग्राम में रहकर चक्की चलाने का काम करता था।

जानकारी के मुताबिक मृतक जितेंद्र पटेल पिता रामकेश पटेल उम्र 29 वर्ष निवाशी बीहर सरबरिया ग्राम पंचायत में छोटी मोटी लाइट सुधारने का कार्य करता रहता था साथ ही ग्राम में पदस्त लाइनमैन के साथ भी ग्राम पंचायत की लाइट सुधारने का काम किया करता था आज सुबह बड़ी लाइन का जंफर उड़ने के कारण लाइट खराब थी जिसकी जानकारी लाइनमैन को दी गई जिसके द्वारा जितेंद्र से चढ़कर जंफर सुधारने की बात कही गई जिसके बाद जितेंद्र अपने एक साथी के साथ लाइट सुधारने के लिए गया और लाइनमैन से परमिट लेकर लाइट बंद करने के लिए कहा जैसे ही उसके द्वारा चढ़कर लाइट सुधारने का कार्य किया गया वो बड़ी लाइन की चपेट में आ गया मृतक हाथों में ग्लब्ज भी पहने हुए था इसके बावजूद वह करंट की चपेट में आ गया।करंट की चपेट में आते ही साथ खड़े साथी के द्वारा व राहगीरों के द्वारा फोन करके लाइट को बंद कराया गया और इसके बाद व्यक्ति को नीचे उतारा गया और अजयगढ़ के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा जॉच करने के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया।मृतक के परिजनों के द्वारा विद्युत विभाग के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कर्मचारी के ऊपर एफआईआर दर्ज करने व मुआवजा देने की बात कही।कई घंटों तक कार्यवाही न होने पर परिजनों व ग्रामवासियों के द्वारा अजयगढ़ पन्ना मुख्य मार्ग में शव को रखकर जामकर दिया जिससे रोड के दोनों तरफ बड़ी संख्या में वाहनों की के लाइन लग गई।इनके द्वारा दोषी के खिलाफ एफआईआर सहित मृतक को मुआवजा दिलाने की बात कही।काफी देर तक प्रशासन व वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समझने की बाद परिजनों के द्वारा शव को पोस्टमार्टम हाउस ले जाया गया।मौके पर पहुंचे एसडीओ के एस घोसी व कनिष्ठ यंत्री अमरदीप सिंह परिहार के द्वारा कहा गया कि घटना की सघनता के साथ जांच करके दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जावेगी और शासन सहित विभाग के द्वारा हर संभव कार्यवाही की जावेगी। अजयगढ़ पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पोस्टमार्टम उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल छतरपुर का किया निरीक्षण



**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने गुरुवार को जिला जेल छतरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी.जे.एम. स्वाति जायसवाल सहित अन्य न्यायाधीश, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन उपस्थित रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने कैदी वार्ड का निरीक्षण करते हुए उनका परिचय प्राप्त कर सामग्री को चेक किया। साथ ही खाद्यान्य की भी जांच की। इसके अलावा महिला बंदी वार्ड में निरीक्षण करते हुए जेलर को निर्देश दिए कि महिला कैदियों से सिलाई का कार्य कराए। निरीक्षण के क्रम में जेल अस्पताल में मेडिकल रजिस्टर की जांच की गई। इस दौरान 21 अप्रैल 2025 से डॉ. अमित खरे के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### अब आसानी से होगा विद्युत शिकायतों का समाधान




**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए छतरपुर में विद्युत विभाग ने कॉल सेंटर की शुरुआत की है। गुरुवार को मुख्य अभियंता सागर संभाग देवेंद्र कुमार और कार्यकारी अभियंता अमर श्रीवास्तव ने विद्युत विभाग कार्यालय में कॉल सेंटर का शुभारंभ किया। कार्यकारी अभियंता अमर श्रीवास्तव ने बताया कि कॉल सेंटर के नंबर 1912 पर उपभोक्ता बिजली से संबंधित शिकायतें दर्ज कराएंगे जिसके बाद उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि कॉल सेंटर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कॉल सेंटर के कामकाज और शिकायत निवारण की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## बंद रही ओपीडी, मरीज हुए परेशान

# जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने की हड़ताल




**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिला अस्पताल में गुरुवार की सुबह एक बार फिर डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी, जिससे ओपीडी सेवाएं ठप रहीं और मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। यह हड़ताल डॉ. राजेश मिश्रा पर प्रशासन द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में की गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डॉ. मिश्रा और एक अन्य कर्मचारी द्वारा एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद उन पर कार्रवाई की गई थी, जिससे अन्य डॉक्टरों में आक्रोश है। चिकित्सकों की हड़ताल से ओपीडी बंद रही। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों को तैनात किया गया लेकिन सामान्य मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं और कई को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। मरीज के परिजन महेश प्रजापति ने बताया कि ओपीडी बंद होने के कारण उन्हें भारी परेशानी हुई। इसी तरह, रामअवतार कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह से डॉक्टरों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि हड़ताल के कारण कोई डॉक्टर मरीज नहीं देखेंगे। वहीं जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि प्रशासन ने डॉ. मिश्रा के मामले में एकतरफा कार्रवाई की है जो कि उचित नहीं है। बहरहाल चिकित्सकों की इस हड़ताल के कारण जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं और मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईशानगर में भी हुई हड़ताल



जिला मुख्यालय के अलावा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईशानगर में भी डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल से नाराज कई मरीजों ने डॉक्टरों के प्रति आक्रोश जताया। बीएमओ डॉ. जी.के. साहू ने बताया, हमारे साथी डॉक्टर के साथ हुई घटना और उस पर एकतरफा कार्रवाई के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है। केवल इमरजेंसी मामलों में ही मरीजों को देखा जा रहा है, अन्य किसी भी मरीज का इलाज नहीं हो रहा। वहीं मरीजों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों के कमरे खुले हैं और डॉक्टर भी मौजूद हैं, लेकिन इलाज से इनकार किया जा रहा है।

## पानी के टैंक में डूबा योग शिक्षक, मौत



**छतरपुर, हरिभूमि न्यूज ।** हरपालपुर थाना क्षेत्र में बीते रोज एक योग शिक्षक की पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि हरपालपुर निवासी राम सिंह कराठा वाले के निजी फार्म हाउस पर मछली पालन के लिए बड़े टैंक का निर्माण किया गया है। बुधवार की देर शाम राम सिंह का बेटा जीतेंद्र सिंह अपने दोस्त अभिषेक सिंह राय (33) पिता रामकृपाल राय, के साथ टैंक में नहा रहा था। अभिषेक इंदौर में योग शिक्षक के रूप में कार्यरत था और गर्मी की छुट्टियों में हरपालपुर आया था। नहाने के दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। पानी में काफी खोजबीन के बाद अभिषेक का शव मिला। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## शादी समारोह से लौटते समय हादसे का शिकार हुए बाइक सवार

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास देर रात एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 34 वर्षीय वीर सिंह अहिरवार अपने 38 वर्षी साथी अमर अहिरवार के साथ नारायणपुरा, एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन की अपर लाइट की चकाचौंध के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पास के एक मकान में जा



घुसी। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

## नशे की हालत में युवक ने हाथ में ब्लास्ट किया पटाखा, उंगलियां उड़ीं



**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिले के सरवई गांव में एक शादी समारोह के दौरान शराब के नशे में युवक की लापरवाही उस पर भारी पड़ गई। नशे की हालत में पटाखा फोड़ने के दौरान हुए विस्फोट से युवक के हाथ की उंगलियां उड़ गईं है। जानकारी के अनुसार, हमीरपुर थाना क्षेत्र के मुस्कुरा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह राजपूत शादी समारोह में शामिल होने सरवाई आया था। रात करीब 11 बजे उसने शराब का सेवन किया और इसके बाद हाथ में पटाखा लेकर ब्लास्ट कर दिया। विस्फोट इतना जोरदार था कि उसके एक हाथ की उंगलियां उड़ गईं। विजय ने स्वीकार किया कि नशे में उससे यह लापरवाही हुई। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसने अन्य लोगों को ऐसी गलती से बचने की सलाह भी दी है।

# जमीनी विवाद में सगे भाइयों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

### जमकर चले लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी, 3 लोग घायल

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम हतना में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों और उनके परिवारों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों के बीच चले लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में एक पक्ष के मानिक लाल यादव और उसका पुत्र राजेश यादव घायल है। मानिक लाल ने बताया कि उनका छोटा भाई रामसिंह यादव जबरन उनकी जमीन पर ईंट बनवा रहा है। पिछले 15 दिनों से चल रहे इस विवाद की शिकायत थाने में की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीती रात रामसिंह, रेखा यादव, मुरली यादव और प्रहलाद ने उनके घर पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के रामसिंह यादव, जो स्वयं घायल हैं, ने दावा किया कि उसका बड़ा भाई मानिक लाल, उसके हिस्से का मकान हड़पना चाहता है। रामसिंह ने आरोप लगाया कि मानिक लाल ने अपने परिवार के अभिषेक, कन्हैया लाल और राजेश यादव के साथ मिलकर उन पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया है। बहरहाल तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ओरछा रोड थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की है।

# नीट यूजी 2025 परीक्षा की तैयारियां जोरों पर

### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, 5 सेंटरों पर होगी परीक्षा




**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने आगामी 4 मई 2025 को होने वाली नीट (यूजी) 2025 परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। जिले में कुल 5 सेंटरों पर दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 4 सेंटर छतरपुर और 1 नौगांव में स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पानी, मेडिकल सुविधा, और अभिभावकों के लिए टेंट व छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, शारीरिक रूप से अक्षम (फिजिकल हैंडीकैप्ड) उम्मीदवारों के लिए 1 घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों को सेंटर तक पहुंचाने के लिए एग्जाम सुपरिटेंडेंट निजी वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे; इसके लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट के वाहन का प्रयोग होगा। सिटी कॉर्डिनेटर को प्रश्नपत्रों के लिए स्ट्रांग रूम तैयार करने और पुलिस निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक सेंटर पर प्रशासन और पुलिस का एक-एक नोडल अधिकारी तैनात रहेगा, जो सिटी कॉर्डिनेटर के साथ समन्वय बनाए रखेगा।

### गर्मी के लिए की जाएगी विशेष व्यवस्था

कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए सभी सेंटरों पर पेयजल की व्यवस्था करने, अभिभावकों के लिए टेंट लगाकर छाया उपलब्ध कराने, और शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों के लिए व्हीलचेयर व सुगम पहुंच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को प्रत्येक सेंटर पर मेडिकल टीम तैनात करने को कहा गया। साथ ही, एमपीईबी को परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां दो सेंटर हैं।

### कंट्रोल रूम का हुआ गठन

नीट (यूजी) 2025 परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति (मो. 7415648384) को कंट्रोल रूम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मनोज उपाध्याय (मो. 9407060227) को शिकायतों के समन्वय और राघवेंद्र सिंह (मो. 9993935669) को शिकायतों की नस्ती संधारण का दायित्व सौंपा गया है। कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं को तत्काल नोडल अधिकारी और संबंधित विभागों के साथ साझा किया जाएगा।

## पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी से किया था निकाह



### युवती ने दूसरे पति पर लगाए प्रताड़ना के आरोप, पुलिस से की शिकायत

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के एक मुस्लिम युवक द्वारा अपनी पत्नी को प्रताड़ित किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती का कहना है कि उसने अपने पहले पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी से विवाह किया था जो कि अब उसे बेतहाशा प्रताड़ना दे रहा है। युवती के अनुसार युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाने के बाद उसका तलाक कराया, इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से शादी की और बाद में निकाह किया। गुरुवार को पीड़ित युवती करीब 14 किलोमीटर पैदल चलकर जिला मुख्यालय पर पहुंची, जहां कोतवाली थाना में उसने शिकायत दर्ज कराई है।

### यह है मामला

जबलपुर निवासी 28 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसकी पहली शादी 2015 में दमोह के कुलुआ गांव में हुई थी। पति बीड़ी कंपनी में ठेकेदार था और वह स्वयं जबलपुर में प्रॉपर्टी डीलर के यहां नौकरी करती थी। उनके दो बच्चे, 7 साल का बेटा और 5 साल की बेटी थी। 13 दिसंबर 2023 को मातगुवां में छोटे भाई की शादी के दौरान उसकी मुलाकात खुद को समीर तिवारी बताने वाले युवक से हुई थी। यहीं से उसकी समीर के साथ बातचीत शुरु हुई और आगे जाकर दोनों में प्रेम प्रसंग शुरु हो गया। कुछ समय बाद समीर ने बताया कि वह समीर तिवारी नहीं, बल्कि समीर खान है लेकिन पीड़िता के मुताबिक तब तक वह समीर के प्रेमजाल में फंस चुकी थी। समीर ने ही उसे पहले पति से तलाक दिलवाया और अगस्त 2023 में जटाशंकर धाम ले जाकर हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। पीड़िता के अनुसार शुरुआत में समीर ने उसके धर्म का सम्मान करने और मांस खाना छोड़ने का वादा किया था, जिसके चलते उसने 13 दिसंबर 2024 को काजी के जरिए समीर के साथ निकाह भी कर लिया। निकाह के कुछ ही दिनों बाद समीर ने अपना असली रंग दिखाना शुरु किया। वह न केवल पीड़िता को मारने-पीटने लगा बल्कि उस पर जबरन मांस खाने का दबाव और पूजा-पाठ पर रोक भी लगाने लगा। पीड़िता ने बताया कि जब उसने प्रताड़ना का विरोध किया तो समीर ने उसे काटकर नदी में फेंकने की धमकी दी, उसकी कमाई के 3 लाख रुपये और जेवर भी छीन लिए। गत 26 अप्रैल को उसे मातगुवां स्थित घर के एक कमरे में बंद कर दिया गया। गुरुवार की सुबह वह किसी तरह कमरे से निकली और नंगे पैर 14 किलोमीटर पैदल चलकर छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पहुंची। वहां रोते हुए बैठी थी, तभी स्थानीय लोगों ने डायल 100 को सूचना दी। डायल 100 ने उसे सिटी कोतवाली पहुंचाया, जहां उसने पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### इनका कहना

पीड़िता ने समीर खान पर मारपीट, प्रताड़ना, धमकी और आर्थिक शोषण के आरोप लगाए हैं। उसने बताया है कि समीर दूसरी शादी की धमकी भी देता था। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अरविंद दांगी, थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली,**

## 19 फरार आरोपियों पर 70 हजार का इनाम घोषित

### 11 अज्ञात सहित पुलिस की सख्त कार्रवाई

**छतरपुर, हरिभूमि न्यूज ।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले में विभिन्न अपराधों में फरार 19 आरोपियों, जिनमें 11 अज्ञात हैं, पर कुल 70,000 रुपये का नगद पुरस्कार घोषित किया है। यह कदम फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाया गया है।जानकारी के अनुसार, इनाम घोषित किए गए आरोपियों में आनंद कोरी (25, अमानगंज) पर सिविल लाइन थाने में 5,000 रुपये, रविशंकर कुशवाहा (खजुराहो) पर बमीठा थाने में 5,000 रुपये, रामप्रताप शुक्ला (खड़ेहा) पर सरवई थाने में 3,000 रुपये, रवि रैकवार (बसारी) पर सटई थाने में 3,000 रुपये, जितेंद्र यादव, सुखधीन यादव, छोटू उर्फ धर्मेंद्र यादव (विलगांय, बिजावर) और बाबू राजा (जगारा, बाजना) पर बिजावर थाने में 2,000 रुपये का इनाम शामिल है। इसके अलावा, बमीठा थाने में 3 अज्ञात आरोपियों पर 3,000-3,000 रुपये और 3 अन्य अज्ञात आरोपियों पर 5,000-5,000 रुपये, हरपालपुर थाने में 1 अज्ञात आरोपी पर 3,000 रुपये, ईशानगर थाने में 1 अज्ञात आरोपी पर 5,000 रुपये, खजुराहो थाने में 2 अज्ञात आरोपियों पर 5,000-5,000 रुपये, और लवकुशनगर थाने में 1 अज्ञात आरोपी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुरस्कार वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक छतरपुर का होगा।

## चंदला में हुए दो सड़क हादसे, तीन लोग घायल



**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पहली घटना बछौन तिगेला के पास अन्नू की टपरिया पर हुई। बताया गया है कि छठी बम्होरी निवासी अरुण सिंह बाइक से चंदला जा रहा था, तभी परसेढ़ी गांव के दो शराबी बाइक सवारों से उसकी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद शराबी बाईक सवार, घायल अरुण को चंदला स्वास्थ्य केंद्र में छोड़कर फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना सिंहपुर के पास हुई, जहां बकतौरा निवासी मंगल पटेल अपनी पत्नी चांदनी और 3 वर्षीय बेटे के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मंगल पटले के अलावा दूसरी बाईक का चालक लाल बहादुर अहिरवार निवासी बरुआ भी घायल हुआ है।

## मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने कर्मचारियों की मेहनत को सराहा



### संगठन का हुआ विस्तार, कुलदीप पांडे बने अध्यक्ष

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने श्रमिक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में संगठन के कर्मचारियों की मेहनत और उनके समर्पण को सराहा गया। श्रम निरीक्षक ने श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। संगठन का विस्तार करते हुए कुलदीप पांडे को अध्यक्ष का दायित्व सोपा गया। एसोसिएशन के सचिव विकास चौबे ने बताया कि एमपीएमआरए के सदस्य कड़ी मेहनत और लगन के साथ कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यों का परिणाम भी दिख रहा है। श्रमिक दिवस पर ऐसे सभी मेहनती सदस्यों का उत्साह बढ़ाने का छोटा सा प्रयास है कार्यक्रम में उपस्थित श्रम निरीक्षक उमेश शर्मा ने सेल्स प्रमोशन इंप्लाइज के कानूनी अधिकारों से सभी दवा प्रतिनिधियों को अवगत कराया वही कमल अवस्थी प्रकाश कटहल ने विश्व के सभी कामगारों के योगदान को सारा शिक्षक वीरेंद्र सोनी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से श्रमिकों में आत्म बल की वृद्धि होती है आयोजन के दौरान संगठन का विस्तार किया गया जिसमें कुलदीप पांडे को अध्यक्ष, सलज खरे उपाध्यक्ष, सोहन राठौर, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा सह सचिव और सौरभ दुबे व आकाश रैकवार को कार्य समिति में स्थान दिया गया है।

